प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मीडिया को सरकार की लोक कल्याणकारी पहल को बढ़ावा देने में करना चाहिए सहयोग।

2- केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एकदिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे, खिजरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में लेंगे भाग।

3- मौसम विभाग ने चतरा, लोहरदगा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में भारी बारिश को लेकर जारी किया यलो अलर्ट ।

4- भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 मैचों की श्रृंखला का अंतिम मैच हरारे में आज शाम साढ़े चार बजे से खेला जाएगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मीडिया को सरकार की लोक कल्याणकारी पहलों का बढ़ावा देने में सहयोग करना चाहिए। कल मुंबई में, इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी टावर्स के उद्घाटन समारोह में, उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम पहल की दुनिया भर में सराहना की गई है और मीडिया इसे जन–आंदोलन बनाने में सहयोगी हो सकता है। श्री मोदी ने विकसित भारत बनाने के लिए अगले 25 वर्षों की यात्रा में पत्र–पत्रिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप–मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार समेत इंडियन न्यूज़पेपर सोसायटी–आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प पर हुए हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में घटना की निन्दा करते हुये कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। श्री मोदी ने श्री ट्रम्प की हालत में शीघ्र सुधार की कामना की और कहा कि भारत के लोग पीड़ित परिवार, घायलों और अमरीकी जनता के साथ हैं।

******************

केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। पार्टी की ओर से चलाए जा रहे हैं अभिनंदन सह संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एकदिवसीय दौरे पर रांची आए हुए हैं। अबसे थोड़ी देर बाद वह रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वह झारखंड की धरती को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी जुट गई है।

******************

करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ 26 जुलाई को मनाई जाएगी। इस सिलसिले में कल दिल्ली के राजीव चौक पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और दिल्ली मेट्रो के सहयोग से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई तक चलेगी और सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक राजीव चौक मेट्रो के गेट नम्बर दो और तीन से प्रवेश कर देखा जा सकता है।

******************

राज्य के विभिन्न जिलों में कल लोकअदालत का आयोजन किया गया। इसके तहत राज्य भर में दस लाख तेरह हजार चार सौ अठाइस  मामलों का निष्पादन किया गया। इन मामलों में 116 करोड़ रूपये से अधिक का निपटारा किया गया। इसके अंतर्गत हाईकोर्ट से लेकर अनुमंडल न्यायालयों में लोक अदालत लगायी गयी थी। लोक अदालत के लिए सभी जिलों की न्यायालयों में विशेष बेंच का गठन किया गया था। निष्पादित मामलों में बैंक से संबंधित, आपराधिक कार्यकारी सुलहनीय मामले, श्रम, भूमि अधिग्रहण, दुर्घटना दावा, वैवाहिक, चेक बाउंस एवं अन्य शामिल हैं। झारखंड हाईकोर्ट में कुल 54 मामलों का निपटारा किया गया।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

पलामू जिले में राज्य सरकार आदिम जनजाति की गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए योजनाएं चला रही है। च

******************

राज्य के स्वास्थ्य सह खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कल पूर्वी सिंहभूम जिले के कदमा में नगर विकास विभाग के अंतर्गत कई सरकारी योजनाओं का का शिलान्यास किया । मंत्री ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अमृत 20 की निधि से कुल 40 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिसका कुल प्राक्कलन राशि लगभग 5 करोड़ 81 लाख 17 हजार रुपए है। इसमे नागरिक सुविधा मद में कुल 15 योजना, सड़क परिवहन मद में 24 और अमृत 20 के मद में एक

योजना शामिल हैं। इसके माध्यम से सामुदायिक भवन का निर्माण, सौंदर्यीकरण, छठ घाट निर्माण, सड़क और नाली का निर्माण कराया जाएगा।

******************

रांची जिला प्रशासन ने अखाड़ों को मुहर्रम जुलूस निकालने के रूट और समय को लेकर कई दिशा निर्देश दिये हैं। इस संबंध में कल उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कर्बला चौक, कोनका रोड, सेंट्रल स्ट्रीट हिंदपीढ़ी, धौताल अखाड़ा ओर डोरंडा युनूस चौक का निरीक्षण भी किया। साथ ही उन्होंने अखाड़ों के पदाधिकारियों से समस्या की जानकारी ली और अधिकारियों से उनका समाधान निकालने का भी निर्देश दिया।

******************

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर एक ओर देवघर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के सफाई कर्मचारी तीन सूत्री मांगों के साथ हड़ताल पर चले गये हैं। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मंडल ने कहा कि पिछले कई वर्षों से नगर निगम में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के नियमित स्थाईकरण,बकाए पीएफ और पिछले दो दशक से रुके हुए प्रमोशन की मांग की जा रही है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं हैं। इस वजह से हड़ताल पर जाना सफाई कर्मचारियों के लिए मजबूरी हो गई है।

******************

हजारीबाग जिले के परिसदन भवन में आज डॉ0 शिवाजी कुमार,चेयरमैन सेलेक्शन पारा ओलिंपिक कमिटी ऑफ इण्डिया की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें जिला स्तरीय पारा स्पोर्ट्स समिति का गठन किया गया। समिति में कुल 11 सदस्यों को नामित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016, धारा 72 और धारा 30 पर चर्चा की गई। बैठक में चेयरमैन सेलेक्शन कमिटी के निजी सचिव हृदय यादव, इंदुप्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राकेश कुमार सिंह विधि –सह– परिवीक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

******************

राज्य के उपर निम्न दबाव बना हुआ है। इसकी वजह से आज राज्य में भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चतरा, लोहरदगा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावा जिले में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य के अन्य जगहों पर भारी बारिश होने और वज्रपात होने के आसार है। निम्न दबाव का असर एक से दो दिनों तक रहने की आशंका है, जिसके बाद बारिश कम हो जायेगी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक जून से अबतक 1 सौ इकसठ दशमलव एक मिलीमीटर ही बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 49 फीसदी कम है।

******************

भारत और जिम्बाबे के बीच पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रृंखला में तीन–एक की अजेय बढ़त पहले ही बना ली है। कल चौथे मैच में भारत ने जिम्बांव्वे को 10 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाव्वे ने

निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में भारत के प्रारंभिक बल्लेबाजों ने 15 ओवर और दो गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया।

******समाप्त*************